



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जून -2019

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय भ्रमण





दिनांक 03.05.2019 : उत्तर प्रदेश संवर्ग (2017 बैच) के 16 प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अधिकारियों को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली से भिज्ञ कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर द्वारा सभी अधिकारियों का मुख्यालय पर स्वागत किया गया तथा उन्हें यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में पुलिस दूरसंचार हेतु प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना, वर्तमान में स्थापित पुलिस रेडियो मुख्यालय का इतिहास तथा रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी। तदोपरान्त वर्ष 1952 से 1971 तक पुलिस रेडियो विभाग के प्रथम भारतीय मुखिया एवं 'पद्म श्री छत्रपति जोशी' के पुलिस रेडियो एवं अन्य योगदानों के सम्बन्ध में बताया गया। श्री जोशी के कार्यकाल में नीलामी में क्रय कण्डम वायरलेस सेटों से विभाग के उपयोग हेतु सेट बनाये जाने की व्यवस्था से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया।

श्री संजय कनौजिया, सहायक रेडियो अधिकारी ने रेडियो मेल/क्यू–मेल/संकेत कक्षों की पुलिस दूरसंचार के लिये उपयोगिता एवं महत्ता को स्पष्ट किया तथा इन केन्द्रों का भ्रमण कराया। श्री संजय कनौजिया ने रेडियो मेल की तकनीकी भी स्पष्ट की।

श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक ने केन्द्रीय कर्मशाला का भ्रमण कराया व अधिकारियों को सीसीटीवी, कम्प्यूटर, एच0एफ0/वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों की जानकारी दी। अधिकारियों को कर्मशाला में मरम्मत कार्य को अत्यंत बारीकी से समझाते हुए उपकरणों को खोल कर उनके सर्किट, आई0सी0 इत्यादि महत्वपूर्ण स्पेयर्स की जानकारी भी दी गयी। श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक ने पुलिस रेडियो संगठन के सम्बन्ध में सारगर्भित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संगठन के कार्यकलापों एवं उपकरणों की जानकारी दी। अधिकारियों को आवृत्ति आवंटन, संचार उपकरणों की लाइसेंसिंग, स्पेक्ट्रम चार्जेज़, इत्यादि के सम्बन्ध में भी जानकारी के साथ पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एच0एफ0/वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनालॉग/डिजिटल तकनीकी के उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कराकर उनकी विशेषताओं के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। अधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने रेडियो मुख्यालय के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया।



## सराहनीय कार्य

● निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 27.05.2019 | वाराणसी |
| 16.05.2019 | वाराणसी, मऊ, गाज़ीपुर, मिर्जापुर, चन्दौली |
| 14.05.2019 | गोरखपुर, वाराणसी, बलिया |
| 12.05.2019 | देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, वाराणसी |
| 11.05.2019 | वाराणसी, सोनभद्र, गाजीपुर |
| 09.05.2019 | आजमगढ़, वाराणसी, जौनपुर, प्रयागराज |
| 05.05.2019 | संतरविदासनगर, वाराणसी |
| 04.05.2019 | प्रयागराज, प्रतापगढ़, बस्ती, बहराइच, गोरखपुर |
| 03.05.2019 | प्रयागराज, प्रतापगढ़, आगरा |
| 01.05.2019 | कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, औरैया |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 27.05.2019 | वाराणसी |
| 26.05.2019 | वाराणसी |
| 21.05.2019 | गोरखपुर |
| 16.05.2019 | वाराणसी |
| 15.05.2019 | वाराणसी |
| 14.05.2019 | देवरिया |
| 13.05.2019 | वाराणसी |
| 12.05.2019 | वाराणसी |
| 11.05.2019 | वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, देवरिया |
| 09.05.2019 | आजमगढ़, वाराणसी |
| 08.05.2019 | वाराणसी |
| 05.05.2019 | संतरविदासनगर, वाराणसी |
| 03.05.2019 | आगरा, बाँदा |
| 01.05.2019 | औरैया |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 27.05.2019 | वाराणसी |

● दिनांक 24.04.2019 : जनपद बदायूँ में सायं थाना जरीफनगर के ग्राम शेखूपुरा में बाबा जी की हत्या होने एवं वहाँ की जनता द्वारा हत्यारों को पकड़कर मार–पीटकर मरणासन्न कर दिये जाने की सूचना कन्ट्रोल रुम, बदायूँ पर ड्यूटीरत प्र0परि0/4142, हेमेन्द्र सिंह एवं उपस्थित उपनिरीक्षक, प्रदीप कुमार को प्राप्त होने पर इनके द्वारा सर्वसम्बन्धित को तत्परतापूर्वक सूचित करते हुए आस–पास के थानों का फोर्स एवं पी0आर0वी0 को घटना स्थल पर भेजा गया। थानाध्यक्ष ने भीड़ से बचा कर हत्यारे को कमरे में बन्द कर दिया था, जिसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार फोर्स के पहुँचने पर विद्युत आपूर्ति बहाल कराते हुए सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना में कन्ट्रोल रुम द्वारा कृत त्वरित कार्यवाही की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ ने भूरि–भूरि प्रशंसा की तथा ड्यूटीरत स्टाफ को नकद पुरस्कार प्रदान किया।

● दिनांक 20.04.2019 : कानपुर नगर में समय 0111 बजे यूपी 100 से पूर्वा एक्सप्रेस, जो 0000 बजे प्रयागराज से चलकर नई दिल्ली के लिये रवाना होती है, के अज्ञात स्थान पर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होने पर, कण्ट्रोल रूम, कानपुर नगर में तत्समय ड्यूटीरत आरएसआई, दुष्यन्त कुमार मिश्रा, आरएसआई राज कुमार सविता, प्र0परि0/1359 विनोद कुमार बाजपेई, प्र0परि0/5668 दिनेश कुमार वर्मा एवं प्र0परि0/923 श्रीकृष्ण द्वारा कॉलर की लोकेशन रुमा गाँव, जनपद–कानपुर नगर खोजकर, सर्वसम्बन्धित को सूचित करते हुये अधिकाधिक पुलिस बल एवं 14 अदद यूपी 100 पी0आर0वी0 वाहनों को घटनास्थल पर रवाना कर ट्रेन दुर्घटना सम्बन्धी राहत कार्य सुचारु रुप से अल्प समय में सुनिश्चित कराया गया।

● दिनांक 06/07.05.2019 : जनपद मथुरा में थाना वृंदावन अर्न्तगत श्री बांकेबिहारी मन्दिर में अक्षय तृतीय पर्व के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## कल्याणकारी कार्य

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अप्रैल–2019 में 453 कार्मिकों का उपचार किया गया।

● पुलिस रेडियो मुख्यालय के 03 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पुत्रियों के विवाह में सिलाई मशीनें भेंट कीं।





## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराजके आदेश/निर्देश

1. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः उन्नीस–158–2019(फिटनेस नवीनीकरण) दिनांक 24.05.2019 द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः 158(सा0)सा0प्र0/2019–10(रिट)टीआर/2019 दिनांक 29.04.2019 एवं परिवहन अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः रिट–83/तीस–4–2019 दिनांक 25.04.2019 में निहित निर्देशों के अनुरुप पुलिस विभाग में उपलब्ध वाहनों का फिटनेस नवीनीकरण कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

2. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः आ0का0सेल–18–पीएसी–जेई–2019 दिनांक 21.05.2019 द्वारा पुलिस विभाग में परिक्षेत्रीय अवर/सहायक अभियन्ताओं की कमी के दृष्टिगत प्रचलित निर्माण कार्यों के पर्यवेक्षण में काफी असुविधा होने के कारण उक्त के निदान हेतु समस्त जनपद/इकाई में पुलिस विभाग के ऐसे कर्मी (आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उपनिरीक्षक) जो बी0टेक0 /डिप्लोमा होल्डर (सिविल इन्जीनियरिंग) हों, का विवरण शीघ्रातिशीघ्र पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2019 दिनांक 17.05.2019 द्वारा पुलिस भवन

(सिग्नेचर बिल्डिंग) के सभी कॉन्फ्रेंस रुम, ट्रेनिंग हॉल एवं ऑडिटोरियम नं0 1 व 2 एवं सिग्नेचर बिल्डिंग के बाहर लखनऊ स्थित पुलिस विभाग की इकाईयों द्वारा भी यहाँ बने कॉन्फ्रेंस रूम आदि का किसी मीटिंग आदि के आयोजन के लिये उपयोग किये जाने हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर से अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी कॉन्फ्रेंस रूम, ट्रेनिंग हॉल एवं ऑडिटोरियम के रख–रखाव, देख–रेख एवं आवंटन का दायित्व पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के जी0एस0ओ0 को सौंपा गया है।

4. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी– आठ–80(62)2019 दिनांक 09.05.2019 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 ड्यूटी के दौरान मतदान कार्मिकों को आकस्मिकता की दशा में कैशलेस ट्रीटमेंट पर आने वाले वित्तीय व्ययभार की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी तथा सुरक्षा कर्मियों के कैशलेस ट्रीटमेंट पर आने वाले वित्तीय व्ययभार की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक द्वारा की जायेगी। उक्त हेतु प्रमुख सचिव, चिकित्सा अनुभाग–1, उ0प्र0 के शासनादेश संख्याः 386 / पांच–1–2019–5(50) / 2015टीसी–1 दिनांक 12.03.2015 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

5. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के अर्द्ध शा0 पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2019 दिनांक 30.04.2019 द्वारा नवीन पुलिस भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग) के कार्यालयों में कर्त्तव्यरत कार्यकारी बल के समस्त कार्मिकों को ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी में रहने, साथ में परिचय पत्र रखने एवं कार्यकारी बल के अतिरिक्त अन्य कार्मिक, जो प्रतिदिन वर्दी धारण नहीं करते हैं, उन्हें भी ड्यूटी के दौरान मर्यादित सादे वस्त्र (फार्मल ड्रेस) धारण करने, किसी भी कार्मिक द्वारा ड्यूटी के दौरान जीन्स, टी–शर्ट एवं स्पोर्ट्स शूज़ धारण न करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही वर्दी के साथ वर्दी के ही जूते धारण किये जाने एवं पुलिस भवन परिसर में पान, गुटखा अथवा सिगरेट आदि का सेवन न किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों का अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पालन करने की अपेक्षा करते हुए, पालन न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाये जाने हेतु सचेत किया गया है।

## प्रशिक्षण

- दिनांक 01.06.2019 से 95वें ग्रेड–द्वितीय दल में 100 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से माह मई–2019 में निम्न 15 अराजपत्रित कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजकुमार सिंह, मैनपुरी, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुबच्चन सिंह, वाराणसी, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रेमपाल शर्मा, सम्भल, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र प्रताप, चन्दौली, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राज कुमार शर्मा, देवरिया, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महबूब हसन, फतेहगढ़, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रामायण प्रसाद, चन्दौली, 9. रेडियो उपनिरीक्षक,श्री रमेश चन्द्र पाण्डेय, रायबरेली, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मोईनुउद्दीन अहमद सिद्दीकी, रेडियो मुख्यालय, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओमप्रकाश पाण्डेय, गोण्डा, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महेश चन्द्र, रेडियो मुख्यालय, 13. प्र0परि0 / 2530, राम प्रकाश सोनकर, बाँदा, 14. ओ0पी0, श्री लाल जी कहार, रेडियो मुख्यालय, 15. संदेश वाहक, श्री राम नरेश, रेडियो मुख्यालय।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई सुनिश्चित की गयी।



## विविध

- दिनांक 27.05.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर जनपदों / वाहिनियों से आये साइफर कोरियर्स की त्रैमासिक साइफर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपदों / वाहिनियों से आये कार्मिकों की समस्याओं को सुना गया तथा रेडियो मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समुचित मार्गदर्शन किया गया। पिछली साइफर गोष्ठी दिनांक 22.02.2019 को सम्पन्न की गयी थी।
- अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, लखनऊ के रेडियोग्राम संख्याः सीए–एडीजीटीएस–मिस–2019 दिनांक 24.05.2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि तकनीकी सेवायें मुख्यालय, एफएसएल कैम्पस, महानगर, लखनऊ से पुलिस मुख्यालय के नवनिर्मित भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग) के अष्टम तल के टावर–4 पर स्थापित हो गया है तथा तद्नुसार कार्यालय से सम्बन्धित पत्राचार उक्त पते पर करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस, लखनऊ के फैक्स / ई–मेल संख्याः सीए–डीजीएफएस–विविध–2018 दिनांक 21.05.2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि फायर सर्विस मुख्यालय, चतुर्थ / पंचम तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ से स्थानान्तरित होकर पुलिस मुख्यालय के नवनिर्मित भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग) के प्रथम / द्वितीय तल, टावर–4 में स्थापित हो गया है तथा तद्नुसार कार्यालय से सम्बन्धित पत्राचार उक्त पते पर करने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में फायर सर्विस मुख्यालय के कण्ट्रोल रूम का फोन नम्बर– 9454418326 / 0522–2286420 एवं फैक्स नम्बर–0522–2287237 है।

● दिनांक 21.05.2019 : श्री अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय द्वारा "आतंकवाद विरोधी दिवस" के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र प्रांगण में रेडियो मुख्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी।





● कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स के पत्र संख्याः लाजि0–कार्या0 ज्ञाप–सिग्नेचर बिल्डिंग/2018 दिनांक 21.05.2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 21.05.2019 को लॉजिस्टिक्स कार्यालय, पुलिस मुख्यालय के नवनिर्मित भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग) के पंचम तल, टावर–1 में स्थापित हो गया है तथा तद्नुसार कार्यालय से सम्बन्धित पत्राचार उक्त पते पर करने हेतु अनुरोध किया गया है।

● दिनांक 17.05.2019 : श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश तथा उनकी धर्मपत्नी एवं वामा सारथी की अध्यक्षा, श्रीमती नीलम सिंह ने यूपी100 में उत्तर प्रदेश पुलिस मॉर्डन स्कूल प्रधानाचार्यों की गोष्ठी आयोजित की।

● श्रीमती सिंह ने पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के पुनरुत्थान, सुधार एवं पुनर्गठन की आवश्यकता के साथ ही गोष्ठी में सम्मिलित 34 पुलिस मॉर्डन स्कूल्स के प्रधानाचार्यों को सम्बोधित करते हुए पुलिस मॉर्डन स्कूल्स के लिये विज़न और मिशन स्टेटमेण्ट तैयार कर शिक्षण कार्य को नई दिशा देने तथा स्कूलों के नवीनीकरण एवं उच्चीकरण की प्राथमिकता व छात्रों को आधुनिक एवं गुणात्मक शिक्षा प्रदान किये जाने पर बल दिया। शिक्षकों को सतत व्यवसायिक विकास हेतु रिफ्रेशर प्रशिक्षण, कार्यशाला व सेमिनारों में भाग लेकर अद्यतन ज्ञान प्राप्त करने व नियमित अभिभावक–शिक्षक मीटिंग आयोजित कर प्राप्त सुझावों के दृष्टिगत व्यवहारिक शिक्षा, व्यक्तित्व निर्माण एवं स्टूडेण्ट एक्सचेंज प्रोग्राम पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता व्यक्त की।

श्री ओ0पी0 सिंह ने स्कूल को एक गतिशील एवं जीवन्त संस्था की उपमा देते हुए निरन्तर विकासशीलता हेतु प्रतिस्पर्धी भाव की आवश्यकता व्यक्त की। बच्चों के भविष्य निर्माण में अध्यापकों की भूमिका तथा स्कूल्स में टीम बिल्डिंग की भावना पर बल देते हुए स्कूल्स के उत्साहवर्धन हेतु मोटो/पंचलाइन तैयार करने तथा कमेटी गठित कर स्कूलों की व्यावहारिकता एवं मूल्यांकन करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस मॉर्डन स्कूल की हैण्डबुक को अपडेट करने, एकीकृत वेबसाइड तैयार करने व वार्षिक पुलिस सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ पुलिस मॉर्डन स्कूल को अवार्ड प्रदान करने हेतु भी निर्देश दिये।

गोष्ठी में पुलिस मॉर्डन स्कूल्स के प्रधानाचार्यों के सुझावों/समस्याओं के निराकरण तथा प्रचलित व्यवस्था को अधिक सुचारु करने हेतु सुझावों पर विस्तृत चर्चा भी की गयी।

गोष्ठी में पुलिस मॉर्डन स्कूल्स के प्रधानाचार्यों के साथ–साथ अपर पुलिस महानिदेशकगण, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, वामा सारथी के पदाधिकारी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एजूकेशन बोर्ड के सदस्य आदि शामिल रहे।








## लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2019 के दौरान पुलिस दूरसंचार व्यवस्था हेतु सम्पन्न मुख्य-मुख्य कार्यवाहियाँ

| ज़ोन का नाम | चुनाव हेतु अतिरिक्त संचार उपकरणों की व्यवस्था | | वाहनों में अधिष्ठापित किये गये संचार उपकरणों की संख्या | बैरियर्स पर स्थापित किये गये संचार उपकरणों की संख्या | | चुनाव हेतु स्थानीय स्तर पर वितरित संचार उपकरणों की संख्या | अतिरिक्त रुप से अधिष्ठापित संचार केन्द्रों (सब–कन्ट्रोल) की संख्या | अन्तर्राज्यीय संचार सामंजस्य हेतु अन्य प्रदेशों के थानों की संख्या जिनसे सीधे संचार सम्पर्क स्थापित रहा | अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर संचार हेतु स्थापित संचार उपकरणों की संख्या | शैडो एरिया में प्रयोग किये गये संचार उपकरणों की संख्या | फ्रीक्वेंसी प्रोग्राम किये गये संचार उपकरणों की संख्या | मरम्मत किये गये संचार उपकरणों की संख्या | | चुनाव के दौरान अतिरिक्त प्राप्त/प्रेषित संदेश | वीआईवी भ्रमण की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्टै./मो. | है.है. | स्टै./मो. | स्टै. | है.है. | है.है. | | | स्टै. | स्टै./मो. | स्टै./मो. | स्टै./मो. | है.है. | | |
| BRY | 2364 | 2018 | 1790 | 71 | 129 | 1179 | 27 | 16 | 8 | 14 | 17 | 108 | 22 | 13509 | 97 |
| LKW | 2313 | 2387 | 1878 | 112 | 331 | 1846 | 34 | 0 | 23 | 26 | 0 | 3 | 8 | 4107 | 199 |
| AGA | 1911 | 1450 | 1780 | 36 | 324 | 716 | 24 | 21 | 8 | 0 | 0 | 232 | 33 | 7458 | 60 |
| KNR | 1959 | 1775 | 1578 | 191 | 148 | 1211 | 34 | 40 | 0 | 23 | 0 | 58 | 23 | 3356 | 79 |
| MRT | 1480 | 1661 | 1366 | 57 | 269 | 1387 | 28 | 19 | 2 | 0 | 3 | 102 | 39 | 8138 | 62 |
| GKR | 2442 | 2272 | 2121 | 137 | 306 | 1302 | 22 | 13 | 3 | 136 | 2 | 23 | 21 | 10983 | 112 |
| PRJ | 1569 | 1077 | 1179 | 95 | 186 | 666 | 17 | 14 | 3 | 2 | 8 | 87 | 21 | 7666 | 50 |
| VNS | 2371 | 2031 | 1711 | 63 | 314 | 1305 | 31 | 38 | 32 | 57 | 14 | 127 | 26 | 8550 | 387 |
| C- W/S | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 9074 | 323 | 120 | 0 | 0 |
| TOTAL | 16409 | 14671 | 13403 | 762 | 2007 | 9612 | 217 | 161 | 79 | 258 | 9118 | 1063 | 313 | 63767 | 1046 |

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300